**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3157**
**उत्तर देने की तारीख : 12.03.2020**

## अल्पसंख्यकों की बेरोजगारी दर

**3157. श्री जगन्नाथ सरकारः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय की बहुउद्देशीय योजना के अंतर्गत कुल लाभार्थियों की संख्या कितनी है तथा देश विशेषकर पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों की बेरोजगारी दर कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अतंर्गत कुल कितने कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा पश्चिम बंगाल में उक्त केंद्रों का जिले–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक मंत्रालय द्वारा उक्त योजना पर कुल कितना व्यय किया गया है तथा प्रशिक्षण हेतु विदेशों में भेजे गए लोगों, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) मंत्रालय द्वारा कोई बहु उद्देश्यीय योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तथापि, मंत्रालय सीखो और कमाओ योजना कार्यान्वित कर रहा है जिसका उद्देश्य बेहतर रोजगार के अवसर का आकलन करने के लिए कौशल बढ़ाना है। मंत्रालय नई मंजिल योजना भी संचालित कर रहा है जिसमें स्कूल ड्रॉपआउट के लिए शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करने के लिए घटक हैं। आज तक सीखो और कमाओ योजना के अधीन 4.97 लाख (लगभग) प्रशिक्षित किए गए हैं और लगभग 1.00 लाख लाभार्थी नई मंजिल योजना के अधीन नामांकित किए गए है। यह योजना अल्पसंख्यक समुदायों में बेरोजगारी दर से नहीं जुड़ी है और मंत्रालय ऐसा कोई आंकड़ा नहीं रखता है।

(ख) इस समय देश में सीखो और कमाओ योजना के अधीन 233 परियोजना कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियां और नई मंजिल के अधीन 88 एजेंसियां पैनलबद्ध हैं। परियोजना कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियां राज्य–वार या जिला–वार पैनलबद्ध नहीं की जाती हैं।

(ग) सीखो और कमाओ योजना के अधीन 2013–14 से फरवरी 2020 तक कुल 996.77 करोड़ रु0 खर्च किए गए हैं। नई मंजिल योजना के अधीन 2016–17 से फरवरी 2020 तक कुल 327.32 करोड़ रु0 खर्च किए गए हैं। इन योजनाओं के अधीन प्रशिक्षण के लिए व्यक्तियों को विदेश में भेजने का कोई प्रावधान नहीं है।

******